झारखण्ड सरकार

वाणिज्य–कर विभाग

पत्र संख्या– वा0कर/कम्प्यू0/4/2012– 3777/ राँची, दिनांक – 12-12-12

प्रेषक,

**मस्त राम मीणा,**
सचिव–सह–आयुक्त।

सेवा में,

**सभी वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)/(अपील)/(वैट ऑडिट),**
**सभी वाणिज्य–कर अंचल प्रभारी।**

विषयः– वाणिज्य–कर विभाग द्वारा प्रशासित अंगीकृत विद्युत शुल्क अधिनियम, 1948 (झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 2011 द्वारा यथासंशोधित) तथा अंगीकृत विद्युत शुल्क नियमावली, 1949 (झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) नियमावली, 2012 द्वारा यथा संशोधित) के अधीन ऑनलाईन निबंधन आवेदन पत्र समर्पण योजना (Online Submission of Application for Registration Scheme) के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

e-governance प्रकिया के अधीन स्वतः–स्फूर्त, पारदर्शी, राजस्वोन्मुखी तथा व्यवसायी अनुकूल (Dealers-friendly) कर व्यवस्था स्थापित करने के कम में वाणिज्य–कर विभाग द्वारा झारखण्ड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम तथा सुसंगत नियमावली के अधीन ऑनलाईन निबंधन आवेदन पत्र समर्पण योजना (Online Submission of Application for Registration Scheme) प्रारंभ की जा चुकी है। साथ ही, केन्द्रीय बिक्री–कर अधिनियम–1956 तथा सुसंगत नियमावली, झारखण्ड होटल विलास–वस्तु कराधान अध्यादेश, 2011 तथा सुसंगत नियमावली एवं झारखण्ड वृतियों, व्यापारों, आजीविकाओं और रोजगारों पर कर अधिनियम, 2011 तथा सुसंगत नियमावली के अधीन भी ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र समर्पन योजना प्रारम्भ की जा चुकी है। कर–प्रणाली के स्वचालन की अगली कड़ी में वाणिज्य–कर विभाग द्वारा प्रशासित लघु अधिनियम, झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) नियमावली, 2012 अधीन ऑनलाईन निबंधन आवेदन पत्र समर्पण योजना की प्रक्रिया निम्नवत् विहित की जाती है:–

1. झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) नियमावली, 2012 के नियम 3(2)(e) के अधीन प्रावधानित आवेदन पत्र JED 101 में आवेदन के ऑनलाईन समर्पण हेतु व्यवसायियों को निम्न कार्रवाई करनी अपेक्षित है :–
   - विभागीय वेबसाईट www.jharkhandcomtax.gov.in के "e-Services" List में जाना।
   - Minor Act के Link को Click करना।
   - व्यवसायी द्वारा Profile बनाना– Profile के अधीन व्यवसायी का नाम, पता, ईमेल, मोबाईल संख्या, अंचल का नाम तथा Act Type का भरना।
   - सॉफ्टवेयर द्वारा व्यवसायी के ईमेल पर Password तथा मोबाईल पर Secret Code का प्रेषण।
   - व्यवसायी द्वारा प्राप्त Password की सहायता से Login करना।
   - Login के उपरांत मोबाईल पर प्राप्त Secret Code को Type करने पर संबंधित आवेदन पत्र JED 101, Annexure सहित खुलना।
   - व्यवसायी द्वारा उक्त आवेदन **Annexure** सहित भरना।
   - व्यवसायी अपना Passport size Colour Photograph upload करना।

- अंत में Submit Button को Click कर Online Submission की कार्रवाई पूरा करना।

2. उक्त Online Application अंचल प्रभारी के Menu में देखा जा सकता है। अंचल प्रभारी ऐसे ऑनलाईन समर्पित आवेदन की समीक्षा कर संतुष्ट होने के उपरांत दो दिनों की अवधि में व्यवसायी को SMS Alert तथा e-Mail द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी आवश्यक [redacted]